

**छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है बैंगलोर**

बैंगलोर की टीम पांच मैचों में से तीन जीतकर छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दिल्ली ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं और वह टेबल में टॉप पर है। मुंबई बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरे पायदान पर है। उसने भी तीन मैच जीते हैं।

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने एक रेकॉर्ड बना दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में उतरते ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने एक रेकॉर्ड बना दिया। दुबई में सोमवार को कोहली जब मैदान पर उतरे तो वह एक टीम के लिए सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली का रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के लिए 197वां मैच था, जो किसी भी एक टीम के लिए सबसे ज्यादा टी20 मैच हैं। कोहली ने जेम्स हिलड्रेथ का रेकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने समरसेट के लिए 196 टी20 मैच खेले हैं। इंग्लैंड के समित पटेल तीसरे और महेंद्र सिंह धोनी चौथे स्थान पर हैं। पटेल ने नॉटिंगमशर के लिए 191 और धोनी ने चेन्नै सुपर किंग्स के लिए 189 टी20 मुकाबले खेले हैं। कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 43 रन की पारी खेली हालांकि वह अपनी टीम को 59 रन की बड़ी हार से नहीं बचा पाए। कोहली ने रविवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली के बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और 4 विकेट पर 196 का स्कोर बनाया।

# ऋषभ पंत महेंद्र सिंह धोनी का परफेक्ट रिप्लेसमेंट है

**क्रिकेट**

### कुछ मौकों पर चयनकर्ताओं के फैसले को सही भी किया साबितः बांगड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऋषभ पंत को महेंद्र सिंह धोनी का स्वाभाविक उत्तराधिकारी माना जा रहा था। कहा जा रहा था कि यह युवा खिलाड़ी विकेटकीपर के रूप में धोनी की जगह ले सकता है। पंत को मौके भी दिए गए। उन्होंने कुछ मौकों पर चयनकर्ताओं के फैसले को सही भी साबित किया। लेकिन फिर ऐसा वक्त आया कि उनके प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई।

पंत के पास शॉट्स हैं यह सबने माना लेकिन उनके शॉट सिलेक्शन को लेकर अकसर सवाल हुए। ऋद्धिमान साहा के फिट होकर लौटने के बाद टेस्ट क्रिकेट में पंत की जगह गई और उसके बाद सीमित ओवरों के प्रारूप में लोकेश राहुल द्वारा विकेटकीपिंग करने के बाद वहां भी पंत की जगह खतरे में है। इसके बाद आईपीएल में संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे



युवा विकेटकीपर भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में पंत पर दबाव बढ़ रहा है। हालांकि टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि पंत ही धोनी के परफेक्ट उत्तराधिकारी हैं।

बांगड़ का मानना है कि ऋषभ पंत ही असल में महेंद्र सिंह धोनी के परफेक्ट उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने कहा, जहां तक विकेटकीपिंग की बात है तो मुझे लगता है कि ऋषभ पंत धोनी की जगह लेने के सबसे मजबूत दावेदार हैं।

उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड से कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह उन्होंने इस साल के आईपीएल की शुरुआत की वह यह दिखाता है कि टीम इंडिया के लिए भी मिडल–ऑर्डर में एक बाएं हाथ का बल्लेबाज होना महत्त्वपूर्ण है इससे टीम में सही संतुलन आता है।

**इसी शो में पूर्व तेज गेंदबाज आशीष** नेहरा ने भी बताया कि उन्हें क्यों लगता है कि ऋषभ पंत टीम इंडिया में महेंद्र सिंह धोनी की जगह ले सकते हैं। नेहरा ने कहा, श्यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस प्रारूप की बात कर रहे हैं। अगर हम टेस्ट क्रिकेट की बात करें और आप बेस्ट विकेटकीपर की बात करते हैं तो आपको कप्तान और कोच के माइंडसेट के हिसाब से जाना होगा।

नेहरा भी बांगड़ की बात से सहमत नजर आए कि टीम इंडिया के प्रबंधन को पंत को और मौके देने चाहिए। उन्होंने कहा, मैं संजय बांगड़ से पूरी तरह सहमत हूं। मुझे लगता है कि उन्हें ऋषभ पंत के साथ ही आगे जाना चाहिए। उन्हें समर्थन देना चाहिए। मुझे लगता है कि जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात आती है तो हर खिलाड़ी को समर्थन की जरूरत होती है।

## अश्विन ने नहीं किया फिंच को मांकडिंग दी साल की पहली और आखिरी वॉर्निंग!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। रविचंद्रन अश्विन ने चोट के बाद दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार वापसी की। 34 वर्षीय इस ऑफ स्पिनर को कैपिटल्स के पहले मैच में ही चोट लग गई थी और इसके बाद वह कुछ मैच नहीं खेल पाए। सोमवार को उन्होंने रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच से वापसी की। उन्होंने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में 26 रन देकर एक विकेट लिया। दिल्ली ने इस मैच में रॉयल चौलेंजर्स को 59 रन से हराया।

इस मैच में एक बार फिर अश्विन के साथ श्मांकडिंगश विवाद आया। गेंदबाजी के दौरान अश्विन ने देखा कि गेंद फेंकने से पहले आरोन फिंच नॉन–स्ट्राइकर छोर




की क्रीज छोड़ चुके हैं। लेकिन श्मांकडिंगश आउट दोहराने के बजाय अश्विन ने इस बार बल्लेबाज को सिर्फ वॉर्निंग देकर छोड़ दिया। साल 2019 में अश्विन ने जोस बटलर को मांकडिंग आउट किया था। इस बात पर काफी विवाद हुआ था। हालांकि अश्विन सिर्फ मैदान पर वॉर्निंग देकर ही नहीं रुके उन्होंने ट्विटर पर भी इसे साझा किया और लिखा कि यह साल 2020 की ऐसे आउट न करने को लेकर आखिरी वॉर्निंग है।

अश्विन ने ट्विटर पर लिखा, मैं इसे साफ कर दूं!! यह साल 2020 की पहली और आखिरी वॉर्निंग है। मैं इसे आधिकारिक कर रहा हूं और मुझे बाद में इसे लेकर दोषी मत ठहराना। मैच के बाद अश्विन ने दिल्ली कैपिटल्स की ताकत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बेंच स्ट्रेंथ की तारीफ की।

उन्होंने कहा, दिल्ली की इस टीम की यह खूबसूरती है, जब मेरा कंधा उतर गया था अमित (मिश्रा) टीम में आए और अपनी भूमिका निभाई, अब वह चोटिल हुए तो अक्षर पटेल टीम में आ गए। यह हमारी बेंच स्ट्रेंथ बहुत अच्छी है और जब आईपीएल की बात है तो हमारी बेंच स्ट्रेंथ इतनी अच्छी है कि एक और मजबूत आईपीएल टीम बन सकती है।

## विवादित ठेके से डीडीसीए को हुआ घाटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अरुण जेटली स्टेडियम में लाउंज, रेस्तरां और बार के निर्माण के ठेके ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को जमकर नुकसान पहुंचाया है। डीडीसीए के निलंबित संयुक्त सचिव राजन मनचंदा ने 6.25 करोड़ रुपये के इस ठेके में घोटाले के आरोप लगाए थे और बाद में निदेशक संजय भारद्वाज ने इसको सही पाया था। डीडीसीए के लोकपाल ने इसको लेकर संघ के खातों के फॉरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया जिसकी पहली रिपोर्ट में बताया गया है कि 2018–19 वित्तीय वर्ष में 1.72 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। डीडीसीए की एपेक्स कमेटी में पहले इसी काम को 30 लाख रुपये में कराने का प्रस्ताव पास हुआ था लेकिन अध्यक्ष रजत शर्मा के इस्तीफा देने के बाद छह दिसंबर को नितिन गुप्ता की अध्यक्षता में डीडीसीए की इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी बनी। इसमें निदेशक रेणु खन्ना और संजय भारद्वाज भी शामिल थे। बाद में इसी कमेटी में शामिल संजय ने ही सवाल उठाए। डीडीसीए को यह नुकसान उसी विवादित ठेके की वजह से हुआ है।

## न्यूज डायरी



### अफगानिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज नजीब ताराकई का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान के क्रिकेटर नजीब ताराकई मंगलवार को जिंदगी की जंग हार गए। कार दुर्घटना के बाद नजीब जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे। 29 साल के ताराकई को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और वह कोमा में चले गए थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के भूतपूर्व मीडिया मैनेजर एम. इब्राहिम मोमंद ने यह खबर दी है। शुक्रवार को उन्हें एक कार ने तब टक्कर मार दी, जब वह पैदल सड़क पार कर रहे थे। उन्हें तुरंत ही नजदीक के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गयापूर्व मीडिया मैनेजर ने 3 अक्टूबर को ट्वीट किया था कि गंभीर चोट के बाद नजीब बीते 22 घंटे से हिला–डुला नहीं है। ताराकई का जलालाबाद शहर में एक्सीडेंट हुआ था और उन्हें अस्पताल में गहन निगरानी में रखा गया था। इस बीच एसीबी ने ताराकई के निधन पर शोक व्यक्त किया है। क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट कर इस बड़ी क्षति पर दुख जताया है।

### विराट कोहली ने खराब फील्डिंग को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथों इंडियन प्रीमियर लीग में 59 रन से मिली हार के लिए खराब क्षेत्ररक्षण को दोषी ठहराते हुए कहा कि कैच छोड़ने से मैच नहीं जीते जा सकते। कोहली ने माना कि बीच के ओवरों में अच्छी गेंदबाजी के बाद उन्होंने दिल्ली के बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का मौका दिया। कोहली ने कहा, 'चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं। उनकी शुरुआत शानदार रही और फिर अगले आठ ओवर में हम वापसी करने में सफल रहे लेकिन अंतिम ओवरों में बाजी हमारे हाथ से निकल गई।' कोहली को मलाल है कि उनकी टीम की फील्डिंग भी अच्छा नहीं रही। उन्होंने कहा, 'हमें महत्वपूर्ण मौकों को भुनाने की जरूरत है। हमने मुश्किल कैच नहीं बल्कि बिलकुल आसान कैच टपकाए। एक बार फिर हम योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में नाकाम रहे।'

### भारतीय ऐथलीट ही नहीं, कोच भी रहेंगे सुपर फिट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने फिटनेस के महत्व पर जोर देते हुए अपने सभी प्रशिक्षकों से साल में दो बार फिटनेस परीक्षण करवाने के निर्देश दिए हैं। साई ने प्रशिक्षकों से अपने फिटनेस परीक्षण के रिकॉर्ड की निजी फाइल तैयार करने को भी कहा है। साई ने बयान में कहा, 'फिटनेस परीक्षण आयु से जुड़े फिटनेस प्रोटोकॉल के दिशानिर्देशों पर निर्धारित किया जाएगा जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 सितंबर को 'फिट इंडिया डायलॉग' के दौरान की थी और जो भारत में उम्र में जुड़ा पहला फिटनेस परीक्षण है।' फिटनेस प्रोटोकॉल के तहत सभी प्रशिक्षकों को शारीरिक संरचना परीक्षण (बीएमआई), संतुलन परीक्षण दृ फ्लेमिंगो बैलेंस और वृक्षासन, मांसपेशियों की मजबूती से जुड़ा परीक्षण, नौकासन आदि के साथ 2.4 किमी पैदल चाल या दौड़ में भी शामिल होना होगा।

### हिजाब पहनने के कारण महिला खिलाड़ी को वॉलीबॉल मैच खेलने से रोका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। अमेरिका में एक हाई स्कूल वॉलीबाल मैच में हिजाब पहनने के कारण एक खिलाड़ी को मुकाबले में उतरने नहीं दिया गया। उस लड़की को हिजाब उतारने को कहा गया लेकिन उसने मैच में नहीं खेलने का फैसला किया। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, नजाह अकील नाम की यह महिला खिलाड़ी 15 सितंबर को मैच से पहले वॉर्म–अप कर रही थीं, तभी उनके कोच ने उन्हें बताया कि रेफरी ने उन्हें हिजाब के साथ खेलने से मना कर दिया है। नियमों का हवाला देते हुए रेफरी ने कहा कि नजाह को हिजाब पहनने से पहले टेनेसी सेकेंड्री स्कूल ऐथलेटिक संघ से मंजूरी लेनी होगी। नजाह के पास दो विकल्प थे। या तो वो हिजाब उतार कर मैच खेले या फिर बाहर बैठे। उन्होंने दूसरा विकल्प ही चुना और बाहर बैठने का फैसला किया। सीएनएन ने नजाह के हवाले से लिखा है, 'मैं काफी गुस्सा थी और दुख भी था।